हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने समझी विस की कार्यप्रणाली



12 ब्राह्माकुमारी विवि ने महिलाओं का किया सम्मान





## खबर संक्षेप



### खड़ी ट्रक में लगी आग जलकर हुआ खाक

**खरोरा।** समीप ग्राम कोसरंगी आरंग रोड में स्थित पर्ल राइस मील में खड़ी ट्रक में आग लग गई, जो देखते ही देखते जलकर खाक हो गया। घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू किया गया। खरोरा समीप कोसरंगी आरंग मार्ग में पर्ल राईस एण्ड ऐग्रो प्रोडक्ट्स राइस मील है, जहां होली त्योहार के मद्देनजर ट्रक मालिक ने अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पी क्यू 0551 को परिसर में खड़ा कर दिया था। अचानक खड़े ट्रक में आग लग गई, जिससे वहां अफरा तफरी के बीच फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया, जब तक ट्रक जल चुका था, जिसकी सूचना खरोरा पुलिस को दी। प्रथम दृष्टा आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### विस स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**भाटापारा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा द्वारा विधानसभा स्तरीय विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 14 मार्च शनिवार को पद्मा रिसॉर्ट भाटापारा में आयोजित किया गया है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में भाटापारा विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित रहकर अपना मार्गदर्शन देंगे साथ ही उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओ को सम्मानित करेंगे।

शनिवार को ▸▸ शेष पेज 11 पर

**आंदोलन : निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग**

# अफीम की अवैध खेती के विरोध में कांग्रेस ने घेरा भाजपा कार्यालय, जमकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में कथित रूप से हो रही अफीम की अवैध खेती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पाठ्य पुस्तक निगम पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, दिनेश यदु, परमेश्वर यदु, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, खिलेन्द्र वर्मा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया, भाटापारा ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, लखेश साहू, मनीष चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मंडल अध्यक्ष बलौदाबाजार सुरेंद्र जायसवाल, रविंद्र नामदेव, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरज बांधे, सरजू प्रसाद धृतलहरे, अमर मिश्रा लवन, हेमंत ठाकुर, मानहरण वर्मा मंडल अध्यक्ष भाटापारा, ब्लॉक अध्यक्ष लवन गुरुदयाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सुहेला भानु प्रताप वर्मा, नंदेश्वर रोहानसी, हेमंत वर्मा, टी.आर. वर्मा, सेवादल के प्रदेश संयुक्त सचिव घनश्याम वर्मा, टीकाराम साहू, रिंकू वर्मा, धर्मेंद्र चंद्राकर, जगमोहन वर्मा, लता पप्पू साहू, तारिणी चंद्राकर, सुमन कोसले, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल साहू, अमर मण्डावी, रसूल बेग, गजेंद्र साहू, विक्रमांदित्य पांडेय महामंत्री सिमगा, चंद्राम निषाद मंडल अध्यक्ष बलदाकछार, लक्ष्मण भारती, शरद कुमार गुप्ता, सुरेश जैन, कोमल साहू, करहीबाजार मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश यदु, आबिद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दुर्ग-बलरामपुर में अफीम खेती के खुलासे बाद जिला प्रशासन अलर्ट



बलौदाबाजार। दुर्ग एवं बलरामपुर जिले में अफीम की अवैध खेती के खुलासे के बाद अब बलौदाबाजार जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जिले में मादक पदार्थों की खेती पर पूरी तरह नजर रखी जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एवं नार्को समन्वय समिति एनसीओआरडी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की खेती, निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस, वन और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अगले तीन दिनों के भीतर गहन जांच अभियान चलाएं और प्रमाण पत्र जारी करें कि उनके क्षेत्र में कहीं भी मादक पदार्थों की खेती नहीं हो रही है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रमाण पत्र जारी होने के बाद कहीं भी मादक पदार्थों की खेती की शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जो कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कार्यक्रम में बूथ, पंचायत एवं वार्ड कमेटी गठन कार्यक्रम के प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि अफीम जैसी प्रतिबंधित फसल की खेती का मामला सामने आना अत्यंत गंभीर है और इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए।

## फर्जी फोटो और हस्ताक्षर के जरिए जमीन की धोखाधड़ी

**बलौदाबाजार।** जिले में जमीन धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां आरोपियों ने तहसील न्यायालय और पंजीयक कार्यालय की प्रक्रियाओं में सेंध लगाकर प्रार्थिया की जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम करा लिया। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कसडोल निवासी प्रार्थिया तिहारिन बाई साहू ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि ग्राम छेछर में उसकी पुश्तैनी जमीन है, जिसके बंटवारे का प्रकरण तहसील न्यायालय में चल रहा था। जब प्रार्थिया ने उप पंजीयक कार्यालय से रजिस्ट्री के कागजात निकलवाए, तो उनके होश उड़ गए। रजिस्ट्री दस्तावेजों में तिहारिन बाई और उनकी



■ कोतवाली पुलिस ने महिला सहित 2 आरोपियों को दबोचा

## रपटा बनाकर अवैध वसूली करने वालों पर प्रशासन सख्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर राजस्व की टीम ने नदी में अस्थायी रपटा बनाकर व नाका लगाकर अवैध वसूली करने वालों पर कार्यवाही करते हुए नाका को हटा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लवन तहसील अंतर्गत ग्राम चंगोरी और कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम छेछर के बीच महानदी पर अस्थाई रपटा बनाकर नाका लगाकर अवैध वसूली करने के संबंध में एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी के नेतृत्व में गुरुवार को मौका निरीक्षण किया गया। मौके पर नाका एवं अस्थाई संरचना को हटा दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि नाका लगाकर अवैध वसूली करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है।



■ प्रशासन की टीम ने हटाया नाका



## खबर संक्षेप

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है।



सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी यशराज साहू निवासी नेहरू नगर द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 12 मार्च को 32 वर्षीय आरोपी रमेश साहू प्रार्थी के बड़े पिता और भाई के साथ अश्लील गाली-गलौज कर रहा था। उस वक्त प्रार्थी ने समझाइश देकर आरोपी को घर भेज दिया था। लेकिन दोपहर लगभग 12.30 बजे आरोपी रमेश साहू दोबारा वापस आया और यशराज को जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उसके गले पर हमला कर दिया। प्रार्थी द्वारा बीच-बचाव करने पर उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में की धारा 109, 296, 351(2) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### नवागांव में 17 से 25 मार्च तक भागवत कथा महोत्सव

**खरोरा।** ग्राम नवागांव में 17 से 25 मार्च तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत के कथावाचक पं. संदीप मिश्रा राजिम धाम वाले कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा, वेद पूजा एवं भागवत स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ होगा। इसके बाद प्रतिदिन श्रीमद् भागवत से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र, गोवर्धन लीला, श्री कृष्ण बाल लीला, रास महोत्सव, सुदामा चरित्र तथा गीता उपदेश जैसे प्रसंग शामिल रहेंगे। आयोजकों वर्मा परिवार द्वारा आयोजित के अनुसार कथा के अंतिम दिन 25 मार्च को हवन, तुलसी वर्षा एवं महाभोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### छह गांवों में होगा पांच दिवसीय रामायण समारोह

**संडी बंगला ।** संडी क्षेत्र के मुड़पार, रेंगाड़ीह, खपरी, गैतरा, खोरसी और भंडारपुरी ग्रामों के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 18 तारीख तक पांच दिवसीय रामायण समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर छहों गांवों के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीराम के नाम का श्रवण करेंगे और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि पांच दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का निर्माण, आपसी भाईचारा और संस्कृति का संरक्षण करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गांवों के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम भिथीडीह में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भिथीडीह निवासी धनसाय यादव पिता समारू यादव अपने घर के आंगन में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा था मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया।

### खेत से सोलर कंट्रोलर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम परसवानी में खेतों से सोलर कंट्रोलर चोरी के मामले में सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोहर नायक ने बता कि शाम को जब वह अपने खेत गया था, तब देखा कि सौर ऊर्जा पैनल में लगा कंट्रोलर नहीं था, इसके अलावा मनोज नायक पिता जंगलु नायक, विपिन बिहारी नायक एवं इंद्रजीत नायक नायक के खेत में लगे सोलर पैनल के कंट्रोलर नहीं थे।

# 20 मार्च तक धान उठाव एवं 15 अप्रैल तक चावल जमा करने के निर्देश

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों एवं मिलर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों सहित मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जित धान उठाव की समीक्षा करते हुए अब तक शेष धान का उठाव 20 मार्च तक एवं एफसीआई और नान में चावल जमा 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है केवल 7 प्रतिशत ही शेष है। कुछ राईस मिलर्स के द्वारा कम उठाव किया गया है। गाडी की संख्या बढाकर उठाव में तेजी लाएं। धान उठाव और चावल जमा करने में किसी प्रकार की हीला-हवाली नहीं चलेगी। उन्होंने कहा की उठाव नहीं करने वाले मिलर्स को पहले नोटिस जारी करें फिर भी सुधार नहीं होने पर उसकी बैंक गारंटी जब्त करने की कार्यवाही किया जाए। उन्होंने मिलर्स द्वारा नान और एफसीआई में जमा किया जाने वाला चावल की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार जांच करने कहा। गुणवत्ताहीन चावल किसी भी मिलर्स से जमा नहीं कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सहकारिता विभाग एवं समिति प्रबंधको को आगामी खरीफ सीजन हेतु खाद के अग्रिम उठाव के लिये किसानों को प्रोत्साहित कराने कहा।



### उर्वरक भंडारण कराने के दिए निर्देश

इसके साथ ही सभी समितियों में लक्ष्य के अनुसार 10 अप्रैल तक उर्वरक भंडारण कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने समितियों में किसानों के लिये आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने देने कहा। कलेक्टर ने सभी समितियों में माइक्रो एटीएम सक्रिय कर ट्रांजेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त सहकारिता उमेश गुप्ता, जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा सहित अन्य अधिकारी व मिलर्स उपस्थित थे।

## पुलिस और प्रशासन ने ली प्राचार्यों की बैठक

# नाबालिगों के वाहन चलाने और खतरनाक स्टंट पर कड़ाई के निर्देश

रिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छात्रों की सुरक्षा और शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए आज पलारी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थाना पलारी पुलिस सहित राजस्व और शिक्षा विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में एसडीएम पलारी, तहसीलदार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और थाना प्रभारी ने क्षेत्र के 37 स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि घर के बाद स्कूल ही वह स्थान है जहाँ बच्चा सबसे अधिक समय बिताता है, इसलिए शिक्षकों को छात्रों की गतिविधियों, उनकी आदतों और व्यवहार पर सतत निगरानी रखनी चाहिए। उन्हें सही और गलत के बीच का अंतर समझाना शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि पूर्व में शाला विदाई या प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रों द्वारा दोपहिया और चारपहिया वाहनों से किए गए खतरनाक स्टंट जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। स्कूल आने वाला कोई भी नाबालिग छात्र मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर विद्यालय न आए। प्राचार्य और शिक्षक नियमित रूप से छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दें ताकि वे जागरूक नागरिक बन सकें। बैठक के अंत में प्राचार्यों से अपील की गई कि वे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि छात्रों को उनके भविष्य, करियर और रोजगार के अवसरों के संबंध में भी निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करें। छात्रों से सतत संवाद करने की सलाह दी गई ताकि उनके मन में चल रही बातों को समझा जा सके और उन्हें विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ा जा सके।

### पुलिस की साइबर हाइजीन कार्यशाला में साइबर कमांडो ने सिखाए सुरक्षा के गुर

**बलौदाबाजार।** आधुनिक समय में बढ़ते डिजिटल अपराधों और डेटा सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए आज बलौदाबाजार पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय साइबर हाइजीन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस मुख्यालय रायपुर से पहुंची तीन सदस्यीय विशेष साइबर कमांडो टीम ने प्रशिक्षण दिया। इस टीम में उप निरीक्षक अपराजिता राणा,



प्रधान आरक्षक दिलीप कुमार सिंह और आरक्षक रेखाम चंद्र साहू शामिल थे। टीम ने पुलिस बल को साइबर सतर्कता और तकनीकी सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया।साइबर एक्सपर्ट्स ने बताया कि ठग किस तरह सोशल मीडिया और गूगल पर मौजूद लोकप्रिय वेबसाइट्स की हूबहू नकल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। कार्यशाला में विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि मॉल, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर मिलने वाले फ्री वाई-फाई का उपयोग बैंकिंग कार्यों के लिए कतई न करें। असुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से बैंक ट्रांजेक्शन करने पर डेटा चोरी और ठगी का खतरा सबसे अधिक होता है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम राज्य के गुवाहाटी में आयोजित समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों के खाते में 22वीं किस्त की राशि का अंतरण किया गया। भारत सरकार द्वारा 22वीं किस्त जारी होने के दिन को 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के रुप में मनाया गया। इसके अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 1 लाख 27 हजार 278 किसानों के खातों में 25 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया।

■ जिले के 127278 किसानों को 25 .68 करोड़ राशि का हस्तांतरण

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न मिडिया प्लेटफार्मों के साथ-साथ वेबकास्ट के माध्यम से किया गया विकासखण्ड कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, महिला कृषक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं वैज्ञानिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम-किसान योजना को देश के अन्नदाताओं के लिए संजीवनी बताया। डॉ. राजपूत ने यह भी बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा निरंतर किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, एवं मौसम आधारित सलाह उपलब्ध कराकर उनकी आय वृद्धि की दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, जनपद पंचायत भाटापारा सीईओ हिमांशु वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय एवं सरपंच सूरजपुरा कैकई देवदास ने सहभागिता निभाई।

# संगठन सृजन अभियान के लिए कांग्रेस की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान की समीक्षा के बाद संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बलौदाबाजार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रभारी कन्हैया अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने जिले के सभी बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर संगठनात्मक ढांचा जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमेश्वर यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, खिलेन्द्र वर्मा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया, भाटापारा ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, लखेश साहू, मनीष चंद्राकर पलारी, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मंडल अध्यक्ष बलौदाबाजार सुरेंद्र जायसवाल, रविंद्र नामदेव, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरज बांधे, सरजू प्रसाद धृतलहरे, अमर मिश्रा, हेमंत ठाकुर लवन, मानहरण वर्मा मंडल अध्यक्ष भाटापारा, गुरुदयाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष लवन, भानु प्रताप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुहेला, नंदेश्वर, हेमंत वर्मा रोहानसी, टी.आर. वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर खरोरा में महिला दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इसमें मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा व रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देव जी पटेल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, नपा सुनीता सोनी, नपा उपाध्यक्ष सुमीत सेन, नरेद ठाकुर, स्वाती वर्मा,रानी सौरभ जैन, मनीषा वर्मा, बेबी गोस्वामी उपस्थित रहि नशा मुक्ति के खिलाफ़ मुहिम हेतु विधायक अनूज शर्मा को जैकेट देकर उत्साहवर्धन कार्य से नशा मुक्ति जागरूकता की प्रेरणा दायक महिला शक्ति के रुप में केसला निवासी निर्मला बाई सेन को राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देव भाई पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव महिला शक्ति को उचित सम्मान दिया है।

देश की मुखिया एक महिला को बनाया उसी तरह सीजी राज्य सभा में समाजसेवी लक्ष्मी वर्मा को भेजकर महिला शक्ति मजबूत किया नारी शक्ति वंदन देकर महिलाओं को आर्थिक मजबूती दी गांव की हर महिला निर्मला बाई जैसे बनकर गांव समाज के विकास में सहभागी बन सकती है। वहीं राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखती है। मुझे राज्य सभा सांसद बनाकर जो दायित्व सौपा से उसे पुरी निष्ठा से निभाऊंगी।

# संस्कृत शिक्षा अनिवार्य कराने संस्कृत शिक्षक संघ का उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश संचालक डॉ कोमल वैष्णव के नेतृत्व में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय अरूण साव को संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। डॉ वैष्णव ने बताया कि प्रदेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चलते संस्कृत शिक्षा पर गहरा असर पड़ा है शासन के आदेशानुसार हिंदी अंग्रेजी संस्कृत इन तीन भाषाओं में से किसी एक भाषा के विकल्प पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ने का प्रावधान रखा गया है जो बच्चों को त्रिभाषा ज्ञान से दूर रखने का षड्यंत्र है तीनों भाषा का ज्ञान आवश्यक है हम व्यावसायिक पाठ्यक्रम का स्वागत करते हैं किन्तु हरियाणा राज्य की तरह इसे सातवें विषय के रूप में पढ़ाई जाए यहां उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश के चलते बच्चे केवल संस्कृत के विकल्प पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम चयन कर रहे हैं जिससे संस्कृत भाषा भविष्य में विलुप्त के कगार पर है परिणामस्वरूप संस्कार परक भाषा देववाणी अति प्राचीन भाषा धर्म शास्त्रों की भाषा के अध्ययन अध्यापन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा अतः प्रदेश में विगत कई दिनों से अधिकारी कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों विधायकों सांसदों और संतों को संस्कृत शिक्षक संघ की ओर से संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए ज्ञापन सौंपा जा रहा है इसी कड़ी में विगत दिवस विकास खंड पलारी के ग्राम देवसून्द्रा में विशेष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंचस्थ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय अरूण साव को भी ज्ञापन सौंपा गया। संस्कृत शिक्षक संघ के संरक्षक पूर्व संस्कृत बोर्ड अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास जी महाराज, कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती साहू, की गरिमामयी उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

उप मुख्यमंत्री महोदय ने उक्त मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश संचालक डॉ कोमल वैष्णव, हीरालाल वर्मा, राजकुमार साहू, डोमन साहू, संतराम साहू, महेंद्र वैष्णव, देवेश वर्मा, गंगा राम साहू, मनोज वर्मा, रामप्रसाद साहू, गंगा राम पैकरा, डॉ लोकेश साहू, डॉ सालिक साहू आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भक्तिमय हुआ वातावरण

# भागवत कथा में परीक्षित जन्म की कथा सुनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा



ग्राम कोरदा में कोमल प्रसाद वर्मा, भाई महावीर वर्मा एवं मोरध्वज के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 12 मार्च से प्रारंभ हुआ जो 19 मार्च तक चलेगा। उक्त कार्यक्रम का कथा स्थल सरखोर रोड में स्थित मोरध्वज वर्मा के घर पास चल रहा है। कथा समय सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा जो दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक चलेगा। कथा वाचक पंडित गौरव जोशी नगोई बिलासपुर वाले रहेंगे। कथा वाचक पंडित गौरव जोशी नगोई बिलासपुर ने पहले दिन भागवत कथा के बारे में विस्तार से समझाया। दूसरे दिन पंडित जोशी ने परीक्षित की जन्म और सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि जब राजा परीक्षित माता के गर्भ में थे, उसी समय अश्त्थामा ने ब्रम्हास्त्र का प्रयोग परीक्षित की मां उत्तरा के गर्भ पर किया। उन्होंने बताया कि उत्तरा ने भगवान श्री कृष्ण को पुकारा। भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ की स्वयं रक्षा की। जब परीक्षित पैदा हुआ, उसी समय वह उठकर बैठ गया। जो भी नवजात परीक्षित को उठाकर अपनी गोद में बैठाने का प्रयास करता, वह उदास होकर बैठ जाता। लेकिन जैसे ही श्रीकृष्ण ने नवजात परीक्षित को अपनी गोद में उठाया, तो वह जोर जोर से हंसने लगा।

इस दौरान कोमल प्रसाद वर्मा, बिरज बाई वर्मा, महावीर वर्मा, बैसाखिन वर्मा, मोर ध्वज वर्मा, गुलाब बाई वर्मा, मुख्य जजमान जोगेंद्र वर्मा, नन्द बाई वर्मा, रवि वर्मा, मृत्युंजय वर्मा, रज्जू वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### कनकी में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम, भक्ति में झूमे श्रद्धालु, झांकियों ने मोहा मन

**खरोरा।** ग्राम पंचायत कनकी में आयोजित भागवत गीता ज्ञानयोग सप्ताह के पंचम दिवस पर भक्तिमय वातावरण में विभिन्न पावन कथाओं का श्रवण कराया गया। कथावाचक पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री के कृपा पात्र शिष्य श्रद्धेय घनश्यामानंद पांडे द्वारा श्रद्धालुओं को प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष कथा, भगवान श्रीराम जन्म तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के



पावन प्रसंगों का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान प्रहलाद चरित्र के माध्यम से सच्ची भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया गया। गजेन्द्र मोक्ष कथा में भगवान की शरणागति का महत्व बताया गया। भगवान श्रीराम जन्म के प्रसंग का भी श्रद्धा के साथ वर्णन किया गया। वहीं श्रीकृष्ण जन्म कथा के अवसर पर सुंदर झाँकी भी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किए।

# मोहरा के ग्रामीणों ने लक्ष्मी वर्मा को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

मोहरा के सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य बनने पर लक्ष्मी वर्मा को उनके निजी निवास में भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने राज्य और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। भेंट में मुख्य रूप से मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, राजेश वर्मा, छत्रधारी वर्मा और प्राणनाथ वर्मा शामिल थे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील की और आगामी योजनाओं पर चर्चा की । लक्ष्मी वर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीणों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया।

■ लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सदस्य बनने पर मोहरा के ग्रामीणों ने जताया हर्ष

## खबर संक्षेप

### सनकुमार बने भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**पलारी**। भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक विस्तार के तहत सनकुमार साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंह देव प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय तथा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के



प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह की सहमति से की गई है। सन कुमार साहू लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे है और संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके है। वे इसके पूर्व में युवा मोर्चा मंडल पलारी के महामंत्री एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजनीतिक प्रकोष्ठ क्षेत्र में जन सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। उनके नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा महेश्वर,ओमप्रकाश चंद्रवंशी, आनंद यादव, कृष्ण अवस्थी, सेवक वर्मा,पवन वर्मा, राजेंद्र साहू, पीकेंद्र साय आदि ने हर्ष जताया।

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद**। नगर के मोतीबाग के सामने ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि जसपाल शर्मा और अपने पुत्र दीपक शर्मा के साथ करीब 12 बजे रेलवे स्टेशन रोड की ओर से पैदल घर जा रहे थे, तभी मोतीबाग के सामने पीछे से ट्रक क्र सीजी 06 जीसी 1061 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये जसपाल शर्मा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## पेज 9 के शेष

### विस स्तरीय कांग्रेस ...

दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित इस विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में निगम मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यगण ब्लाक काँग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, प्रदेश कांग्रेस,ज़िला कांग्रेस,महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, मछुवारा कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, इंटक कांग्रेस, सेवादल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, गोठान समिति के पूर्व सदस्य, सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष, राजीव गांधी युवा मितान क्लब के पूर्व सदस्य गण, बूथ, सेक्टर,मंडल अध्यक्ष जनपद, ज़िला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, संगठन के पूर्व पदाधिकारी,पूर्व जिला जनपद सदस्य-पदाधिकारीगण, पूर्व पार्षदगण सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन को इस कार्यकर्ता सम्मेलन में आमंत्रित किया गया हैं। इस सम्मेलन को लेकर कांग्रेस जनों में काफी उत्साह बना हुआ है।

### अफीम की अवैध ...

मंडल अध्यक्ष बलदाकछार, लक्ष्मण भारती, शरद कुमार गुप्ता, सुरेश जैन, कोमल साहू, करहीबाजार मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश यदु, आबिद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गिंदोला की लखपति दीदी जीना देवी के परिवार की आर्थिक स्थति सुधरी

## अगरबत्ती और दोना-पत्तल व्यवसाय से हर महीने कमा रहीं 20-25 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी लखपति दीदी योजना आज ग्रामीण भारत की महिलाओं के लिए न केवल आर्थिक संबल बनी है, बल्कि उनके सपनों को नई उड़ान भी दे रही है। इसका एक जीवंत उदाहरण ग्राम गिन्दोला की जीना देवी डहरिया हैं, जिन्होंने बिहान समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा ही बदल दी। अब खुद की पहचान एक आत्मनिर्भर महिला के रूप में स्थापित कर चुकी हैं। आज जीना देवी न केवल अपने परिवार की आर्थिक धुरी हैं, बल्कि वे हर महीने 20 से 25 हजार रुपए की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। बीते 5 वर्षों में उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर कुल 3.50 लाख रुपए की आय प्राप्त की है, जो ग्रामीण परिवेश की किसी भी महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी इस सफलता ने उन्हें गांव में एक नई पहचान दी है और वे अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। भावुक मन से अपनी इस यात्रा को साझा करते हुए जीना देवी कहती हैं कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उन योजनाओं के कारण संभव हुआ है, जिन्होंने गांव की महिलाओं को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। वे अपनी इस खुशहाली के लिए शासन और प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं, क्योंकि आज वे गर्व से कह सकती हैं कि वे एक स्वावलंबी 'लखपति दीदी' हैं।



### आत्मनिर्भर बनने का लिया था अटूट संकल्प

पति प्रेमप्रकाश डहरिया के साथ मिलकर एक साधारण जीवन जीने वाली जीना देवी के पास कभी सीमित संसाधन थे, लेकिन उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने का अटूट संकल्प था। बिहान समूह के माध्यम से मिली सहायता और सही मार्गदर्शन ने उन्हें वह मंच प्रदान किया, जहाँ से उन्होंने अगरबत्ती और दोना-पत्तल बनाने का छोटा सा कार्य शुरू किया। जिसे समाज कभी एक मामूली काम समझता था, जीना देवी ने अपनी मेहनत और लगन से उसे एक सफल व्यवसाय में बदल दिया।

## समस्या : टैंकर भरने में अब लग रहे 35 से 40 मिनट


# विभागीय उलझनों में फंसी नल-जल योजना, गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गर्मी की शुरुआत के साथ ही नगर में पानी की समस्या सामने आने लगी है। जलस्तर में लगातार गिरावट के कारण आने वाले दिनों में नगरवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल नगर में नलों से दिन में केवल एक बार और वह भी सीमित समय के लिए पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे लोगों को मुश्किल से दो बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है।गर्मी बढ़ने के साथ ही घरों में एसी और कूलर का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे पानी की खपत और अधिक हो जाती है। ऐसे में आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

इसी तरह पहले टैंकर भरने में लगभग 10 मिनट लगते थे, जो अब बढ़कर 35 से 40 मिनट तक पहुंच गया है। स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा टैंकरों के माध्यम से भी विभिन्न वार्डों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।





### प्रमुख तालाब भी सूखने की कगार पर

नगर में पेयजल के साथ-साथ निस्तारी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। नगर का प्रमुख विशाल तालाब बालसमुंद तालाब अभी से ही सूखने की स्थिति में पहुंच गया है। इसके अलावा चमरी तालाब और रानीसागर तालाब का पानी खराब हो जाने के कारण नहाने-धोने के लिए उपयोग योग्य नहीं रह गया है। वहीं मुक्तिधाम स्थित तालाब में भी महज एक सप्ताह का पानी ही बचा बताया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नगरवासियों को अब गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने का इंतजार है।

### टंकी भरने में लग रहा अधिक समय

नगर में पानी सप्लाई के लिए कुल चार बोरवेल हैं, जिनमें दो पहंदा क्षेत्र में तथा दो शराब भट्ठी के समीप स्थित हैं। जलस्तर गिरने के कारण इन बोरवेलों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। पहले जहां पानी की टंकी लगभग 6 घंटे में भर जाती थी, वहीं अब टंकी भरने में 12 घंटे से अधिक समय लग रहा है।

# विधानसभा में गूंजा बिलाईगढ़ का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



क्षेत्र में पत्थर क्रेशरों से फैल रहे धूल प्रदूषण और उससे उत्पन्न जनस्वास्थ्य व सड़क सुरक्षा के खतरे का मुद्दा विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाते हुए बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से स्पष्ट जानकारी मांगी और क्षेत्र की जनता की चिंता को मजबूती से सदन में रखा।

■ पत्थर क्रेशरों से फैल रहे प्रदूषण पर विधायक कविता प्राण लहरे ने सरकार से मांगा जवाब

विधायक कविता प्राण लहरे ने प्रश्न के माध्यम से पूछा कि क्या यह सही है कि बिलाईगढ़ विधानसभा मुख्यालय सहित दुम्हानी, गोविंदवन, बेलटीकरी, और छपोरा जैसे आसपास के गांवों में संचालित पत्थर क्रेशरों से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि इस संबंध में अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है।

इसके साथ ही विधायक लहरे ने सरकार से यह जानकारी भी मांगी कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में कुल कितने पत्थर क्रेशर संचालित हैं, उनमें से कितनों के पास वैध पर्यावरणीय स्वीकृति है और पर्यावरण संरक्षण मंडल के मानकों का पालन कितने क्रेशर कर रहे हैं। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में नियमों के उल्लंघन के मामलों, जारी किए गए नोटिस, लगाए गए आर्थिक दंड और बंद किए गए क्रेशरों की जानकारी भी सदन में मांगी।

सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग को पत्थर क्रेशरों से जुड़े स्वास्थ्य या सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में कोई विशेष शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अनुसार बिलाईगढ़ क्षेत्र में 11 क्रेशर उद्योगों को पर्यावरणीय सहमति जारी की गई है और समय-समय पर उनका निरीक्षण किया जाता है।

# कागज की गुल्लक में सालभर जमा 3640 रुपए मंदिर में किए दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

भालूकोना क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चितावर धाम में आस्था और सेवा का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम मोहरा के युवाओं ने कागज की गुल्लक बनाकर पूरे वर्ष छोटी-छोटी बचत से 3640 रुपये जमा किए और फिर उस राशि को मंदिर में दान कर दिया। इस पहल ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ बचत और सेवा की भावना का भी संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्य कुमार यादव ऑटो पार्ट्स के संचालक के सुपुत्र रघुवीर यादव, नवीन यादव एवं चंचल यादव द्वारा किया गया। इन युवाओं ने वर्षभर कागज की गुल्लक में पैसे इकठ्ठा किए और जब राशि 3640 रुपये हो गई तो उसे चितावर धाम में भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया। बताया जाता है कि यह पहल कोई नई नहीं है, बल्कि यह कार्य पिछले लगभग पांच वर्षों से लगातार किया जा रहा है। हर वर्ष ये युवा इसी तरह छोटी-छोटी बचत कर राशि एकत्रित करते हैं और फिर उसे धार्मिक स्थल में दान कर समाज को प्रेरणा देते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए मंदिर में श्रद्धा पूर्वक



दान किया।इस अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना भी की गई और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा युवाओं की इस सराहनीय पहल के लिए उनका श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि युवाओं का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और इससे अन्य लोगों को भी धर्म एवं सेवा के कार्यों में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। मौजूद लोगों ने रघुवीर यादव, नवीन यादव और चंचल यादव के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी बचत से भी बड़ा और पवित्र कार्य किया जा सकता है।

# आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने समझी विस की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी–अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत राज्य विधानसभा सत्र का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को करीब से देखा और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझा।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आदिवासी संग्रहालय का भी भ्रमण किया। संग्रहालय में विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं, वेशभूषा, जीवनशैली तथा ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### विधायक अनुज शर्मा ने दी बधाई

शैक्षणिक भ्रमण पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को विधायक अनुज शर्मा ने दी बधाई -अनुज शर्मा (विधायक धरसींवां) ने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक भ्रमण में साथ गए शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं, जिससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक जानकारी भी प्राप्त होती है।विधायक शर्मा ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### लोकतांत्रिक प्रक्रिया समझने का मिला अवसर

प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। विधानसभा सत्र का अवलोकन कर विद्यार्थियों को लोकतंत्र की वास्तविक प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं तथा देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार के अनुभवों से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं और भविष्य में समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्राचार्य ने इस सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी शिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### पुरखौती मुक्तांगन का भी किया शैक्षणिक भ्रमण

पुरखौती मुक्तांगन में बच्चे आनंदित मन से भ्रमण किये, इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, लोकजीवन एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुरखौती मुक्तांगन में स्थापित विभिन्न झांकियों, लोककला, जनजातीय जीवनशैली, पारंपरिक वेशभूषा, कृषि उपकरणों तथा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले आकर्षक प्रतिरूपों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को करीब से देखकर उत्साह व्यक्त किया।

जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव आज बसना में:
महासमुंद। नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड योजना के अंतर्गत बसना विकासखण्ड के ग्राम मिलाराबाद मैदान में शनिवार 14 मार्च को जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव, कृषि मेला सह कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

### शीतला दूसरी बार बनीं पलारी राज की राजप्रधान

**पलारी**। पलारी राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम रीवाडीह में रायपुर जिला देवांगन समाज के पदाधिकारीगण के आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमें सामाजिक प्रकरणो का निराकरण पश्चात वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया जिसके बाद रायपुर जिला देवांगन समाज के उपस्थित में भगवती



देवांगन अध्यक्ष रायपुर जिला देवांगन समाज, मनोहर देवांगन सचिव रायपुर जिला देवांगन समाज, रवि देवांगन सह सचिव रायपुर जिला देवांगन समाज, सोहन देवांगन उपाध्यक्ष रायपुर जिला देवांगन समाज, द्वारका देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य रायपुर जिला देवांगन समाज के मार्गदर्शन में पलारी राज देवांगन समाज का चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमें शीतला देवांगन पलारी को प्रथम कार्यकाल में समाज के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें समाज ने दुसरी बार पलारी राज देवांगन समाज के राजप्रधान के पद पर निर्वाचित किया है। अन्य पदाधिकारीयो में सचिव धरम राज देवांगन, मलेश कुमार देवांगन,तुलाराम, राजेन्द्र देवांगन, शितेन्द्र, उगेश्वर को बनाया गया है।

### खिलेश्वरी बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष

**कटगी**। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही क्षेत्र की सक्रिय महिला नेत्री खिलेश्वरी थवाईत को जिला कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा द्वारा जारी पदाधिकारी सूची में उनका नाम शामिल होने के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। खिलेश्वरी थवाईत ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करेंगी और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुँचाने का प्रयास करेंगी। थवाईत के कोषाध्यक्ष बनने पर अंजीव जायसवाल मंडल अध्यक्ष कटगी, छतराम साहू अध्यक्ष नगर पं टुंडरा, दुर्गेश साहू मंडल अध्यक्ष टुंडरा, सतीश शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, एम. एल. वर्मा जिला प्रतिनिधि व्यास श्रीवास ज पं सभापति, राजा वर्मा जनपद सभापति, साधराम प्रजापति महामंत्री आदि ने बधाई प्रेषित की है।



## महारास लीला का महत्व बताया आचार्य पाण्डेय ने

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाहोत्सव की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज : सेल

ग्राम मोतीपुर मे आयोजित भागवत कथा के में आज कृष्ण रुक्मिणी विवाह उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई सुंदर झांकी एवं मधुर गीत संगीत के साथ सभी भक्तों ने नाच गाकर विवाहोत्सव का आनंद लिया कथा का प्रारम्भ आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने महारास की लीला से प्रारंभ की आचार्य जी ने भक्तों को बताया की ये जो भागवत के दशम स्कंध मे महारास की पंच अध्यायी कथा है ये भागवत के पंच प्राण है ये कथा आत्मा और परमात्मा के मिलन की कथा है इस कथा मे भगवान ने कामदेव का मर्दन किया तब से भगवान मदन मोहन कहलाए इस लीला मे स्वयं भगवान शिवजी नारद जी गोपी बनकर शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ गोपेश्वर महादेव के



नाम से जाने गए आगे प्रसंग मे भगवान का मथुरा गमन कंस वध की कथा सुनाई गई फिर भगवान का गुरुकुल गमन उद्धव की व्रज यात्रा के साथ कालयवन के संघार की कथा सुनाई गई जरासंध का सत्रह बार मथुरा पर आक्रमण एवं पराजय के साथ भगवान का द्वारिका निर्माण एवं द्वारिका प्रस्थान की कथा सुनाई गई और भगवान द्वारिकाधीश कहलाये, उसके बाद बलराम का विवाह रेवती जी के साथ एवं भगवान द्वारा रुक्मिणी माता के हरण के साथ द्वारिका मे विधिवत विवाह प्रसंग को सुनाई गई आज विवाहोत्सव मे सैकड़ो भक्तों सम्मिलित रहे और सभी ने बड़ी हर्षोल्लास के साथ विवाह उत्सव का आनंद लिया आज की कथा मे मुख्य रूप से कसडोल से चंद्रहास साहू जी एवं पिसीद से लेखराम साहू सपत्निक शामिल हुए थे।कथा मे लोगो का उत्साह देखकर आयोजक समिति श्री राधाकृष्ण महिला समूह के सभी सदस्य बहुत ही उत्साहित है। उनके द्वारा भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई है, समिति के सदस्यों ने सभी भक्तों को सादर आभार व्यक्त किया है कल सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ कथा विश्राम होंगी एवं 15 मार्च रविवार को तुलसी वर्षा हवन सहस्त्र धारा के साथ यज्ञ का समापन होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बिलाईगढ़-पवनी में सहकारी बैंक शुरू नहीं, विधानसभा में उठा मुद्दा

## विधानसभा में विधायक कविता प्राण लहरे ने भाजपा सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में बिलाईगढ़ एवं पवनी क्षेत्र में सहकारी बैंक की शाखा शुरू नहीं होने के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता, किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बैंक की स्वीकृति मिलने के बावजूद आज तक शाखा शुरू नहीं होना सरकार की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि बिलाईगढ़ एवं पवनी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर की शाखा खोलने की स्वीकृति भारतीय रिजर्व बैंक से पहले ही प्राप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद कर्मचारियों की कमी के कारण निर्धारित समय-सीमा में बैंक की शाखा शुरू नहीं की जा सकी। विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि यदि सरकार और संबंधित विभाग समय रहते आवश्यक कदम उठाते तो आज बिलाईगढ़–पवनी क्षेत्र के हजारों किसानों और आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिल रहा होता। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक खोलने के लिए समय-सीमा बढ़ाने हेतु 26 अक्टूबर 2024 और 11 अप्रैल 2025 को आरबीआई को पत्र भेजे गए, लेकिन आरबीआई ने तीन बार समय-सीमा विस्तार के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया।



### भाजपा सरकार की लापरवाही से क्षेत्र बैंकिंग सुविधा से वंचितः विधायक लहरे

विधायक लहरे ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के कारण क्षेत्र की जनता वर्षों से बैंकिंग सुविधा से वंचित है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द आवश्यक व्यवस्था कर बिलाईगढ़ एवं पवनी में सहकारी बैंक की शाखा शुरू की जाए, ताकि किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के हितों और विकास से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में लगातार मजबूती से उठाती रहेंगी और सरकार को जवाबदेह बनाने का काम करती रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### कनक व राजेश के नेतृत्व में होगी महाआरती

**भाटापारा।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचन्ड्र (सिन्धीयत दिवस)के महा पर्व पर निकाले जाने वाले बहराणे साहब की भव्य महाआरती कनक संजय माधवानी व राजेश छाबड़िया के नेतृत्व में बजरंग वार्ड वासियों द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के जननेता व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व नगरपालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास की दुकानों में मादक पदार्थ के बिक्री की जांच



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कोटपा एक्ट के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि अंतर्गत संचालित दुकनो में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू एवं उसके उत्पाद बिक्री की जांच संयुक्त टीम द्वारा की गई। राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त जांच टीम द्वारा बलौदाबाजार स्थित स्कूल - कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में आने वाले पान ठेला,किराना स्टोर में रखे नशीली पदार्थ जैसे गुटखा, सिगरेट, बीड़ी अन्य तंबाकू उत्पादों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14 दुकानों-ठेलों पर कार्यवाही कर समन शुल्क नगर पालिका दुवारा वसूल किया गया। जांच टीम ने बताया कि इस तरह की जांच अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। इसके साथ ही अन्य नगरीय निकायों में भी शुरू की जाएगी।

### मोहतरा में आज सुरभि गौधाम का शुभारंभ

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर में वीडियो



कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से दोपहर 1.30 बजे बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा में सुरभि गौधाम का शुभारंभ किया जाना है, जिसमे घुमंतू पशुओं के व्यवस्थापन हेतु अधोसंरचना जैसे पशु शेड, निर्माण, पेयजल, बिजली फेंसिग इत्यादि की उपलब्ध है। साथ ही पशुधन विकास विभाग के द्वारा ग्राम मोहतरा मे जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं पशु मेला उत्सव सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक का आयोजन किया जायेगा। मेले का प्रमुख आकर्षण दुधारू गाय, भैंस, बैल उन्नत बछिया-बछड़ा उन्नत बकरे एवं मुर्गा -मुर्गी प्रदर्शनी रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली स्नेह मिलन आज

**खरोरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरोरा द्वारा 14 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रभु उपहार भवन, राजीव नगर, तिल्दा रोड खरोरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मिक जागरण के संदेश को समाज तक पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार शुद्धता, शांति, प्रेम, शक्ति और सामंजस्य जैसे मानवीय मूल्यों के माध्यम से स्वर्णिम भारत के निर्माण का संकल्प लिया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी नागरिकों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है। साथ ही ब्रह्माकुमारी केंद्र पर प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन सुबह 8 से 11 बजे तथा शाम 5 से 9 बजे तक कराया जाता है, जिसमें भी लोग लाभ ले सकते हैं।

## शिविर : 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया

# 15 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार सरसीवां

केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रशासन गांव की ओर थीम पर बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मनपसार में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी साहू, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जालान आदि शिविर में पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में उज्वला योजना के तहत 15 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया, वहीं 3 महिलाओं की गोदभराई और 2 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। शिविर में एक किसान अपनी बीमार बकरी को लेकर पहुंचा, जिसका पशुपालन विभाग के चिकित्सकों ने उपचार किया। मछली पालन विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स देने की स्वीकृति दी गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में ओपीडी के माध्यम से 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में 300 से अधिक लोगों का पंजीयन किया गया और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को भारत नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक करते हुए शपथ दिलाई।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी सरपंच और सचिव से ली, जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि सभी घरों तक पानी पहुंच रहा है। कलेक्टर ने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 वृद्धजनों को छड़ी प्रदान की गई और एक दिव्यांग व्यक्ति को तत्काल दिव्यांग विशिष्ट पहचान पत्र भी जारी किया गया। कलेक्टर ने गाड़ी रोककर सड़क निर्माण के गुणवत्ता का अवलोकन किया । कलेक्टर डॉ संजय कंन्नौजे ने गाड़ी रोककर सड़क निर्माण के गुणवत्ता का अवलोकन किया और शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि सरसीवा से सरायपाली तक 16 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### जनसमस्या निवारण शिविर में कई प्रकरणों का निराकरण



### कलेक्टर ने खपराडीह में हर-घर नल से जल का किया निरीक्षण

भाटापारा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम खपराडीह में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव के अंतिम घर तक नल से जल पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं नल के पास सोखता गड्ढा निर्माण कर जल संरक्षण के लिये ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।कलेक्टर शर्मा ने ग्राम सुरखी में नल जल योजना के तहत अंतिम छोर में लगे नल को चालू कर देखा कि पानी आ रहा है कि नहीं। पानी का फ्रोर्स कम होने पर अधिकारियों से कारण पूछा। पीएचई के अधिकारियों ने बताया कि ऊंचाई अधिक होने पर नल में जल का फ्रोर्स कम है। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से नल में प्रतिदिन पानी आने का समय व पीड़ीएस दुकान के सम्बध्द में फीड बैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग हर दिन सुबह 7 बजे व शाम को 5 बजे 1 घण्टा पानी आता है। पीडीएस दुकान नियमित खुलता है और दुकान में चावल व शक्कर मिल जाता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सभी शासकीय भवनों एवं पीएम आवासो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने कहा। इसके पूर्व कलेक्टर शर्मा ने पानी टंकी एवं क्लोरीनेटर रूम क भी निरीक्षण कर टंकी की क्षमता साफ साफ की जानकारी ली और टंकी की सफाई तिथि व अगला सफाई तिथि अंकित करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि टंकी लगभग 45 हजार लीटर क्षमता का है और इसकी सफाई कराई गई है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## लवन में परिवहन सुविधा केंद्र और चॉइस सेंटर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

सहकारी समिति लवन में आज 13 मार्च को परिवहन सुविधा केंद्र एवं चॉइस सेंटर का भव्य शुभारंभ हुआ समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार बाजपेई महाविद्यालय लवन के प्राचार्य एसके भट्ट पीएम श्री उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य हरिशंकर जोशी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा लवन के शाखा प्रबंधक सौरभ बघेल, नगर पंचायत के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू ,पार्षद प्रकाश ताम्रकार, गोलू धीवर, भारतीय जनता पार्टी लवन, मंडल के अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, मनोज पांडे, बाबूराम वर्मा, गेंदराम सेन, पुनूराम बंजारे, पंकज कुमार अग्रवाल, पिंटू सेन सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में चॉइस सेंटर का उद्घाटन हुआ बताया गया कि परिवहन सुविधा केंद्र में ड्राइविंग लाइसेंस पैन कार्ड गुमास्ता ऑनलाइन फॉर्म आधार कार्ड से पैसा निकालना आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र वाहन बीमा शपथ पत्र राशन कार्ड फूड लाइसेंस स्वास्थ्य बीमा बिजली बिल जीवन बीमा सहित अनेक ऑनलाइन कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर सरकारी समिति लवन के प्रबंधक सोमदत्त यदु, राजेश वर्मा, महेश कुर्रे, बिंदेश्वरी श्रीवास, रविंद्र नाथ साहू, दीपक यादव, शिवशंकर श्रीवास सहित अनेक कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

## संयंत्र के निर्मित आधारभूत संरचनाओं का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

तहसील के अंतर्गत श्री सीमेंट के सीएसआर के तहत श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा ग्राम फुंदरडीह व पत्थरचुवा में सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का निर्माण इस वर्ष किया गया है, जिसका लोकार्पण विधि विधान से किया गया, जिसमें ग्राम फुंडरडीह में शीतला मंदिर के पास सामुदायिक स्थल का निर्माण, गली कांक्रीटीकरण, वीर बालक दास भवन में रेलिंग एवं टाइल्स फिटिंग, मुक्तिधाम का निर्माण शामिल हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम रायपुर सीमेंट प्लांट के इकाई प्रमुख हुकमचंद गुप्ता, माइंस हेड अमित चौहान, जनपद सदस्य प्रवीण धुरंधर ग्राम के प्रमुख नागरिक अशोक वर्मा, मौजी लाल वर्मा, अवध राम यादव, हीरा रेनू वर्मा,त्रिवेणी सुंदर सुरेंद्र वर्मा आदि के करकमलो से सम्पन्न हुआ। इसी तरह ग्राम पत्थरचुवा में महामाया मंदिर के पास बाउंड्रीवाल का भी लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रवीण धुरंधर, जनपद सदस्य ने कहा कि श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा जनता के आकांक्षा अनुरूप विकास कर किया जा रहा है, जिसमे नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन, स्वास्थ्य शिविर, सिलाई कढ़ाई बुनाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण सराहनीय है।इकाई प्रमुख हुकमचंद गुप्ता ने कहा कि श्री सीमेंट स्थानीय विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं व इसी प्रकार स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करती रहेगी, हमें साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में गति प्रदान करना है।

## बाल शोध मेला में छात्रों ने प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 13 मार्च को बाल शोध मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को 16 समूहों में विभाजित कर कक्षानुसार विभिन्न विषयों पर शोध कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया।

मेले में बच्चों द्वारा किए गए शोध कार्य और उनका प्रस्तुतीकरण अत्यंत आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक रहा। यह संपूर्ण गतिविधि अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की संयोगिता मैडम के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया से शिक्षक अमित सिंह अपने विद्यार्थियों के साथ तथा शासकीय प्राथमिक शाला परसाडीह के प्रधानपाठक दौलत सिंह कुंजाम भी अपने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल प्राचार्य शैलेन्द्र भसगौरी, संकुल समन्वयक गिरीश कुमार वर्मा तथा शाला प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष चेतना साहू के करकमलों से मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला प्रमुख गौतम सर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रफुल्ल चंद्र पाठक, व्याख्याता एल.आर गोड़ एवं मुकेश कुमार साहू, प्रभारी प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, सत्यनारायण बंजारे, प्रेममाया कुंजाम, माधुरी कंवर, सहित रसोइया राजकुमारी वर्मा, आरती साहू, शिवकुमारी यादव, लता साहू गांव के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं खिलेश्वरी साहू एवं देवकी साहू अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित हुईं।




### 15 दिन के शोध कार्य प्रस्तुत किए

कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को हमारे आसपास की आर्थिक गतिविधियां आधारभूत लोकतंत्र पंचायती राज संतुलित आहार खनिज एवं लवण हमारे आसपास की सामग्री पारदर्शी अपारदर्शी घुलनशील तथा पृथक्करण की विधियां जैसे विषय दिए गए। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने जल अम्ल-क्षार एवं लवण, प्रकाश में परावर्तन, मिट्टी संचार एवं परिवहन तथा जीवन में आया बदलाव जैसे विषयों पर कार्य किया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने खाद्य उत्पादन एवं प्रबंधन कुछ सामान्य रोग सूक्ष्म जीव एक अद्भुत संसार तथा गांव का इतिहास एवं कर जैसे विषयों पर शोध प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर लगभग 15 दिनों तक कठिन परिश्रम करते हुए सर्वेक्षण किया आंकड़े एकत्रित किए तथा चार्ट एवं विभिन्न मॉडल तैयार किए।

## मल्दी के लिए दो सीसी सड़क स्वीकृत

भाटापारा। मण्डी बोर्ड द्वारा ग्राम मल्दी में दो सीसी सडक स्वीकृत की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भोला वर्मा ने बताया भाजपा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की अनुसंशा पर मल्दी में मुख्य सड़क मार्ग के लिए लगभग 47 लाख की सी.सी.पुलिया सहित स्वीकृत की गई है, जो इस वर्ष बारिश के पहले कार्य होगा। विदित हो कि बारिश के मौसम में मुख्य मार्ग पर पुलिया नहीं होने से आवागमन बाधित होता था, इसके स्वीकृत हो जाने के बाद अब सडक मार्ग जो कि बिना बाधित जारी रहेगा। भोला वर्मा ने बताया कि काफी वर्षों से उक्त दोनों ,सड़क के लिए मांग की जा रही थी, जो भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से स्वीकृति मिली। ज्ञात हो कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का अंतिम ग्राम मल्दी जिसकी गिनती ब्लाक के बडे ग्रामों में होती है। वहीं दूसरी ओर तुरमा मिरगी के बीच पड़ने वाले पुल की भी प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है, यह करीब 3 करोड की लागत की है।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बनीं निर्मला रजक

**अर्जुनी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष आनंद यादव की सहमति से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा के द्वारा महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों के साथ साथ मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई। जिला में 6 उपाध्यक्ष दो महामंत्री सहित कई पदों के लिए पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। जिला महामंत्री की पद पर महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक की नियुक्ति की गई है।



नवनियुक्त महिला मोर्चा जिला महामंत्री निर्मला रजक ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा की शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस भरोसे के साथ पार्टी ने उनको जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने की हरसंभव प्रयास करेगी।

## योग और मेडिटेशन से तन-मन को बनाएं शक्तिशालीः बी के नमिता

# ब्राह्माकुमारी विवि ने महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रजापिता ब्राह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा की सुहेला मंडल की कोषाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य तारिणी राजपूत, वर्तमान जनपद सदस्य सविता हेमंत यादव, भाजपा की रायपुर जिला की ग्रामीण महिला मोर्चा की कार्यालय प्रभारी ममता पैकरा, हीरामणि दिवाकर सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कीर्ति वर्मा ने कहा कि - पुरानी कुप्रथाओं को तोड़कर आज नारी ने विकास का बहुत लम्बा रास्ता तय किया है। नारी को 33% आरक्षण की ज़रूरत नहीं, उसके लिए तो सारा आसमान है।



तारिणी राजपूत ने अपने उद्बोधन में महिला दिवस का इतिहास और महत्व बताया और कहा कि - हम सबको सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है, साथ ही कहा कि प्रतिवर्ष संस्था द्वारा महिला दिवस सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें हम सबको हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अंत में संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी जी के पंचम पुण्य स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

### महिलाएं रखें स्वयं का ख्याल

इस अवसर पर बी के नमिता ने कहा कि - आजकल के व्यस्त जीवन में महिलाएं स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पातीं हैं, इसके लिए हमको अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करना आवश्यक है। सही समय पर सोना और सही समय पर उठना तथा योग और मेडिटेशन को जीवन में शामिल करके हम सारा दिन फिट रह सकते हैं। इसके अतिरिक्त घर के वतावरण को सकारात्मक बनाने का मंत्र देते हुए कहा कि जैसी वार्ता होगी वैसा ही घर का वतावरण बनेगा। साथ ही बताया कि तन और मन को शक्तिशाली बनाने का मंत्र है - भोजन बनाते हुए उसे परमात्मा को अर्पित करके बनाएं। आपका घर मंदिर है और आप सब उस मंदिर की चैतन्य देवीयां।

